तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 11 दिसंबर 2025

13 शहीद वीर नारायण सिंह थे भारत मां के सच्चे सपूतः लोकेश्वरी नेताम



14 जीवनदायिनी महानदी की होगी सफाई





# मनरेगा से ग्रामीणों की जिंदगी बदली, सार्वजनिक कुआं बना रोजगार और सिंचाई का साधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

**खास खबर**

मनरेगा योजना से जिले के ग्रामीणों की जिंदगी संवर रही है। मनरेगा के तहत कराए जा रहे कार्यों से ना केवल उन्हें रोजगार मिल रहा है. अपितु इन कार्यों से आजीविका का साधन भी मिल गया है। शासकीय योजनाओं से ग्रामीणों को समय समय पर अवगत कराया जा, जिसका फायदा उठा कर उनके जीवन में बदलाव आ रहा है, कुल्हाड़ीघाट के किसान बरसाती पानी पर निर्भर हुआ करते थे, जब बारिश होती थी तब ही किसान धान की खेती बाडी करते थे। कम पानी से धान की पैदावार पर भी असर पड़ता था, आय का कोई साधन नही था, जिससे परिवार का गुजारा हो सके, तब गांव के पंचायत में सार्वजनिक कुँवा निर्माण कार्य योजना के बारे में बताया गया।

प्रस्ताव तैयार कर जनपद पंचायत में प्रेषित किया गया तकनीकी स्वीकृति पश्चात उक्त कार्य को प्रशासकीय स्वीकृति हेतु जिला पंचायत प्रेषित किया गया के तहत गांव में सार्वजनिक कुँवा निर्माण कार्य कराया गया। जिसके बाद इससे एक ओर जहां स्थानीय जनों की सूखे की स्थिति में पर्याप्त रोजगार का साधन मिला, भूमि पर कुआ निर्माण से जीवन में अनेको बदलाव हो रहे है। इससे आर्थिक स्थिति मजबूत हुई, महात्मा गांधी नरेगा से बने सार्वजनिक कुँवा निर्माण कार्य से जीवन में अनेको बदलाव हो रहे है। इससे आर्थिक स्थिति मजबूत हुई कुआ बन ▶▶ शेष पेज 13 पर

## कुल्हाड़ीघाट के किसानों को अब बरसाती पानी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा



### कार्य के पूर्व एवं कार्य के बाद बदलाव

**कार्य से पूर्वः**– कार्य से पहले रोजगार के साधन बहुत कम थे तथा सिचांई के लिए बहुत ही कम पानी होते थे बारिश के पानी पर ही निर्भर होना पड़ता था, बारिश के पानी से धान भी ठीक से नही हो पाते थे, साग–सब्जी भी सही से नही होते थे, आत्मनिर्भरता में कमी आ रही थी, परिवार की दैनिक स्थिति भी अच्छी नहीं थी. सार्वजनिक कुँवा निर्माण कार्य योजना के अंतर्गत बाड़ी तथा खेतों में कृषि के लिए सिंचाई उपलब्ध कराने के लिए वृहद् स्तर पर कार्य नही हो पा रहे थे।

**कार्य के बादः**– मनरेगा के तहत सार्वजनिक कुँवा निर्माण कार्य योजना के अंतर्गत बाड़ी तथा खेतों में कृषि के लिए सिंचाई उपलब्ध कराने के लिए वृहद् स्तर पर कार्य हो रहा है, मनरेगा योजना लोगों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद करती है. कुंआ निर्माण से किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होता है, जिससे उनकी फसलें अच्छी होती है। और आय में वृध्दि होती है। मनरेगा के तहत निर्मित कुँआ जैसे कार्य स्थायी संपति के रूप में होते हैं, जो लोगों को लंबे समय तक लाभ देते हैं कुंआ निर्माण से कृषि क्षेत्र में सुधार होता है जिससे किसानों की आय में बढ़ती है। इसके साथ ही सब्जी उत्पादन मे आय का स्त्रेत मिल गया।

## खबर संक्षेप

### ग्राम कुण्डेल में वार्षिक मड़ई-मेला आज

**छुईहा बेलर।** ग्राम कुण्डेल में गुरुवार को आयोजित देवी मड़ाई मेला एवं वार्षिक पूजा उत्सव की भव्य तैयारियाँ के साथ आज शुभारंभ की गई हैं। इस मड़ाई में विशेष रूप से बैरक का शौर्य प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है, जिसमें ग्रामीण परंपरा और स्थानीय वीरता की झलक देखने को मिलेगी। इसके साथ ही राऊत नाचा ,विभिन्न सांस्कृतिक व पारंपरिक कार्यक्रम भी दिनभर आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राजमहल फिंगेश्वर के राजा साहब जमींदार लिलेन्द्र बहादुर सिंह शामिल होंगे। साथ ही ग्राम कुण्डेल के जनपद सभापति नंदू यादव सरपंच गज्जु सिन्हा तथा पूर्व सरपंच लाला सिन्हा भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएँगे। मड़ाई मेले में महिलाओं, युवाओं और ग्रामीणों की बड़ी संख्या में सहभागिता की उम्मीद की जा रही है। आयोजन समिति के अनुसार इस वर्ष का उत्सव पहले की अपेक्षा और भी अधिक भव्य होने वाला है।

### देवरी में टेनिस बाल क्रिकेट का शुभारंभ



**छुरा।** ग्राम देवरी में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता-2025 युवा क्रिकेट द्वारा शुभारंभ 10 दिसम्बर 2025, बुधवार को किया गया, जहां दिलीप ठाकुर सरपंच ग्रा. पं. देवरी, मुंगेश्वरी ठाकुर जनपद सदस्य, साधुराम साहू ग्राम प्रमुख के आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

### लोक सेवा केंद्र में घुसकर लैपटॉप को किया क्षतिग्रस्त

**महासमुंद।** तहसील कार्यालय महासमुंद स्थित लोक सेवा केंद्र में घुसकर लैपटॉप को क्षतिग्रस्त करने वाले आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस ने आवेदक विकास कुमार साहू पिता पुरूषोत्तम साहू निवासी वार्ड नं 27 खैराबाडा के पीछे गुडरूपारा महासमुंद के द्वारा पुलिस अधीक्षक महासमुंद को 14.11.2025 को प्रस्तुत शिकायत की जांच की, जिसमें प्रार्थी ने बताया कि वह विगत लगभग 8 वर्षों से तहसील कार्यालय महासमुंद में आधार पंजीयन केंद्र का संचालन करता आ रहा हूं। 8 नवंबर को वह शाम को घर गया। और दूसरे दिन रविवार होने के कारण काम पर नहीं आया। जब वह 10/11/2025 को लगभग 10 बजे अपने काम पर आया और लैपटॉप शुरू किया, लेकिन लैपटॉप स्टार्ट नहीं हुआ। जिसे उसने पंकज कॉपियर कचहरी चौक महासमुंद में दिखाया गया, जहां पर मुझे पता चला कि लैपटॉप पटकने के कारण मदर बोर्ड टूट गया है और पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त हो चुका है जो कि बनने की स्थिति में नहीं है। इसके बाद उसने घटना की रात 07.45 से 8.10 के मध्य सीसीटीवी कैमरा चेक किया, जिसमें उसका सहकर्मी राकेश कुमार पिता नोहर लाल खिड़की से आते-जाते दिखाई दिया।

## धान बेचने में नही होनी चाहिए किसानों को किसी प्रकार की परेशानी

# कलेक्टर ने किया धान-खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण और पारदर्शिता की दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

- कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रो में किसानो के साथ किया चर्चा





जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी, व्यवस्थित और किसान–हितैषी बनाए रखने के उद्देश्य से गरियाबंद कलेक्टर श्री बी.एस. उइके ने आज मैनपुर क्षेत्र के अंतर्गत जिड़ार, शोभा, नउमुड़ा, धवलपुर और बिन्द्रनवागढ़ सहित विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्रों में संचालित सभी व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री उइके ने समिति प्रबंधकों को निर्देशित किया कि किसानों द्वारा धान परिवहन के लिए उपयोग किए जा रहे वाहनों के लाइव फोटो को शत–प्रतिशत पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य रूप से करें।

उन्होंने कहा कि इससे खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहेगी और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सकेगा। उन्होंने धान बोरे की गिनती, तौल और उठाव की प्रक्रिया को निर्बाध व सटीक बनाए रखने पर जोर दिया। साथ ही केंद्रों में धान की व्यवस्थित स्टेकिंग, सुरक्षा मानकों के पालन तथा किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन खरीदी की मात्र बढ़ाने के लिए हेमालों की संख्या में वृद्धि करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री उइके ने मिलों में भेजे जाने वाले बारदाना की गुणवत्ता की भी जांच की और स्पष्ट निर्देश दिया कि गुणवत्ता मानकों के अनुरूप बारदाना मिलने पर ही उठाव किया जाए। फटा और खराब बारदाना तुरंत लौटाने तथा बारदाना की उपलब्धता, रखरखाव और पोर्टल में समय से एंट्री सुनिश्चित करने पर उन्होंने जोर दिया। उन्होंने केंद्रों में धान के प्रकार जैसे पतला, मोटा और पान–सरना को अलग–अलग स्टेक बनाकर रखने और प्रत्येक स्टेक पर बोरियों की संख्या अंकित कर स्पष्ट सूचना चस्पा करने के निर्देश दिए, ताकि भंडारण और उठाव की प्रक्रिया सुचारु बनी रहे।

### किसानों के साथ कलेक्टर ने चर्चा करते हुए पूछा कोई परेशानी तो नहीं

कलेक्टर ने किसानों से भी चर्चा की और उनके फसल उत्पादन, खरीदी प्रक्रिया तथा केंद्र की सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने किसानों को तौल में शुद्धता, संपूर्ण उपार्जित धान के विक्रय और कम पैदावार की स्थिति में रकबा समर्पण कर पोर्टल में समय पर एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की गड़बड़ी या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने यह भी कहा कि जिन समितियों द्वारा पीडीएस दुकानों का संचालन किया जा रहा है, वे रिक्त बोरियों की एंट्री भी नियमित रूप से सुनिश्चित करें। गलत स्टेकिंग, भंडारण स्थल की कमी और अव्यवस्था को देखते हुए हेमालों की संख्या बढ़ाने और तौल की प्रक्रिया को और सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए। अवैध धान परिवहन की रोकथाम के लिए गठित टीम से चर्चा करते हुए कलेक्टर श्री उइके ने वाहनों के पंजीयन, सतत निगरानी और नियमित जांच की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि धान खरीदी क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी केंद्रों को शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करना आवश्यक है। कलेक्टर ने बरसात की संभावित परिस्थितियों को देखते हुए केंद्रों में पर्याप्त और गुणवत्तायुक्त त्रिपाल की उपलब्धता एवं उसके उपयोग पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि धान को जमीन से ऊंचाई पर व्यवस्थित रूप से स्टेक कर सुरक्षित रखा जाए, ताकि नमी या वर्षा की स्थिति में धान को क्षति न पहुंचे।

### ये रहे उपस्थित

इस निरीक्षण के दौरान मैनपुर एसडीएम डॉ तुलसीदास मरकाम, खाद्य अधिकारी अरविंद दुबे, उप संचालक कृषि चंदन कुमार रॉय, जिला विपणन अधिकारी किशोर चंद्रा, सहकारिता विभाग की सहायक आयुक्त सुश्री महेश्वरी तिवारी , मैनपुर तहसीलदार श्री मेहता शाखा प्रबंधक नयन सिंह दाऊ, उत्तम सेन, दिनेश कमलेश, गोपी नेगी, हरिनाथ यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 13 लाख का गांजा, कार व 3 मोबाइल जब्त, तीन गिरफ्तार



**अभनपुर।** चंडी मोड़ तिराहा के पास पुलिस ने नाकेबंदी कर गांजा तस्करी करते 3 आरोपी रंगे हाथ पकड़े गये। आरोपियों के कब्जे से 15 किलो 750 ग्राम गांजा, एक स्विफ्ट डिजायर कार तथा 3 मोबाइल फोन कुल 13 लाख 25 हजार रुपये की कीमत का माल जप्त किया गया।

यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के दिशा-निर्देश में नशे के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतू चलाये जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन निश्चय के तहत एण्टी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा थाना अभनपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई। मिली जानकारी अनुसार पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि चार पहिया वाहन मे सवार कुछ व्यक्ति वाहन मे गांजा रखकर अभनपुर की ओर आ रहे है,जिस पर साइबर यूनिट तथा अभनपुर पुलिस ने चंडी मोड़ पर नाकेबंदी पाइंट लगाकर बताये गये वाहन को रूकवाया गया वाहन मे तीन व्यक्ति सवार थे पूछताछ में आरोपियों की पहचान भूषण चंदेल पिता परदेशी राम चंदेल उम्र 28 वर्ष कोहका दुर्ग, पवन मनहरे पिता स्व रामखिलावन मनहरे उम्र 39 वर्ष निवासी कृष्णा नगर सुपेला, जितेन्द्र दशरिया पिता भोजराज दशरिया उम्र 20 वर्ष निवासी स्मृति नगर सुपेला दुर्ग के रूप में हुई। आरोपियों के विरुद्ध थाना अभनपुर में अपराध क्रमांक 453/2025, धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही की गई। कार्यवाही में निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह श्याम,साइबर यूनिट निरीक्षक परेश पाण्डेय,आशीष त्रिवेदी,आर राकेश सोनी,सोमन सिन्हा,आर सुधीर तिर्की, ▶▶ शेष पेज 13 पर

## सड़क हादसों को लेकर एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

- स्कूली बच्चों और नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस गश्त की मांग



**मैनपुर।** क्षेत्र में लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और स्कूली छात्रें की सुरक्षा को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन सक्रिय हो गया है। आज मंगलवार को पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी देवभोग को विस्तृत ज्ञापन सौंपते हुए दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की। एनएसयुआई ब्लॉक अध्यक्ष सतीश साहू ने चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि बीते कुछ महीनों में देवभोग के प्रमुख चौक–चौराहों, स्कूलों के आसपास और व्यस्त मार्गों पर दुर्घटनाओं का ग्राफ तेजी से बढ़ा है।

उन्होंने कहा, तेज रफ्तार वाहन, ट्रैफिक कंट्रोल की कमी, ओवरलोड गाड़ियां और स्कूल के समय निगरानी न होना इसके प्रमुख कारण हैं। कई हादसों में बच्चों और स्थानीय नागरिकों को गंभीर चोटें आई हैं, जिससे पालकों और आमजन में भय व आक्रोश का माहौल है। इस दौरान ज्ञापन सौपकर मांग किया गया है कि प्रमुख चौक, चौराहों पर पुलिस एवं ट्रैफिक कर्मियों की नियमित तैनाती। स्कूल खुलने और छुट्टी के समय विशेष पुलिस गश्त। तेज रफ्तार और ओवरलोड वाहनों पर सख्त चालानी कार्रवाई। ब्लैक स्पॉट (दुर्घटना संभावित क्षेत्रें) की पहचान कर संकेतक और स्पीड ब्रेकर लगवाना। नियमित सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान का संचालन। ज्ञापन स्वीकार करते हुए थाना प्रभारी ने सभी मांगों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन ▶▶ शेष पेज 13 पर

## जंगल में वृक्षों की अवैध गडलिंग करने वाले को भेजा गया जेल



**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के वन परिक्षेत्र तौरेंगा बफर जोन के अन्तर्गत बीट अडगडी कक्ष क्रमांक 1111 में अतिक्रमण/अवैध वृक्षों की गडलिंग वन अपराध क्रमांक 28/09 दिनांक 18.10.2025 के आरोपी 1.कोमल राम सोरी पिता बृज लाल सोरी जाति गोड़ उम्र 38 वर्ष ग्राम अडगडी 2.गणेश राम मरकाम ,पिता बुधु राम मरकाम जाति गोड़ उम्र 31 वर्ष ग्राम अडगडी को माननीय जिला न्यायालय गरियाबंद में रिमांड पेश कर न्यायालयीन वारंट के तहत जेल दाखिला किया गया।



## शिवाजी चौक में सीसी रोड क्रांक्रीटीकरण का शुभारंभ

**राजिम।** राजिम-फिंगेश्वर मार्ग पर शहर के शिवाजी चौक में सीसी रोड क्रांक्रीटीकरण का शुभारंभ बुधवार को विधायक रोहित साहू ने पूजा अर्चना कर किया। इस अवसर पर विशेष रूप से राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू,नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव,उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सभापति आकाश राजपूत,भरत यादव,जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव,पूर्व सभापति ओमप्रकाश आडिल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। मालूम हो कि इस चौक की स्थिति बहुत ही दयनीय है। जगह-जगह गढ्ढे है। इसे देखते हुए तात्कालिक रूप से सीसी रोड निर्माण का काम शुरू किया गया। वैसे इस मार्ग के चौड़ीकरण के लिए करोड़ो रूपए की राशि स्वीकृत विधायक श्री साहू ने कराया है जो बहुत जल्द बनेगा।

## "चोटी से घाटी तक" सिद्धांत और सीएलएआरटी ऐप से ग्रामीण बने जल प्रबंधन में सक्षम

# पंचायत दबनई में हुआ जल संरक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम

**गरियाबंद।** ग्राम पंचायत दबनई में मोर गांव, मोर पानी महाअभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं सामुदायिक संसाधनों के प्रबंधन को लेकर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन मनरेगा जिला पंचायत गरियाबंद, फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी रायपुर तथा खोज सामाजिक संस्था गरियाबंद के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में ग्राम सभाओं दबनई, छीछौला और फरसरा के सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति (सीएफआरएमसी) के सदस्य, मेट, सचिव, रोजगार सहायक और पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामों में जल उपलब्धता बढ़ाने के उपायों की जानकारी देना, जल स्त्रोतों के माध्यम से आजीविका को सुदृढ़ करना तथा प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण कर सामुदायिक लाभों को बढ़ाना था।




### "चोटी से घाटी तक" सिद्धांत को समझाया

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बताया गया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) एक मांग आधारित योजना है। इसलिए ग्राम सभा में ऐसे सामुदायिक कार्यों की पहचान कर उन्हें वार्षिक कार्ययोजना में शामिल करना आवश्यक है, जिससे संसाधनों का बेहतर प्रबंधन हो सके और जंगल तथा गांव की समृद्धि में वृद्धि हो। कार्यक्रम में "चोटी से घाटी तक" सिद्धांत को सरल भाषा में समझाया गया। बताया गया कि यदि भूजल स्तर बढ़ाना है और मिट्टी का कटाव रोकना है, तो पहाड़ी की ऊपरी सतह से लेकर निचले हिस्से तक योजनाबद्ध ढंग से कार्यों का चयन किया जाना चाहिए। इसी सिद्धांत के अनुसार ग्राम सभा द्वारा मनरेगा योजनाओं में उपयुक्त संरचनाओं की मांग की जानी चाहिए।

### सीएलएआरटी ऐप का उपयोग सिखाया

यह भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) आधारित उपकरण है, जो क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों का विश्लेषण कर यह बताता है कि कहाँ भूजल पुनर्भरण संरचना (रिचार्ज स्ट्रक्चर) या सतही जल संग्रहण की व्यवस्था अधिक उपयुक्त होगी। यह ऐप ग्रामीणों को स्वयं अपनी योजना और डिजाइन तैयार करने में सक्षम बनाता है तथा अधिकारियों को मनरेगा योजनाओं के अनुमोदन की प्रक्रिया तेज करने में मदद करता है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विशेषज्ञों ने कहा कि यदि ग्रामीण अपने जल, जंगल और जमीन का वैज्ञानिक एवं सामूहिक प्रबंधन करें तो न केवल जल संकट दूर होगा, बल्कि ग्रामीण आजीविका और अर्थव्यवस्था भी मजबूत बनेगी।



## खबर संक्षेप

### नवजागृति दुर्गा उत्सव समिति ने दी राकेश को श्रद्धांजलि

**धमतरी।** नवजागृति दुर्गा उत्सव समिति विवेकानंद वार्ड ने राकेश निषाद के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्रद्धांजलि देने वालों में संरक्षक राजकुमार तिवारी, समिति प्रमुख जमुना प्रसाद चक्रधारी, गोपाल बनवासी, धनराज गुप्ता, हरिश्चंद्र चक्रधारी, लखन शुक्ला, गोलू चक्रधारी, राजू सिन्हा, खेमलाल, राज सोनवानी, भीषम सोनी, सुनील मीनपाल, शेष कुमार, महादेव गुप्ता, राजू चक्रधारी, राकेश गुप्ता, अजय निर्मलकर, रोहित कुमार, धनेश निषाद, सोनू निर्मलकर सहित अन्य सदस्य शामिल है।

### स्क्वैश में भोथली स्कूल के छात्र का चयन

**धमतरी।** राष्ट्रीय स्तर शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता स्क्वैश में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली से एक खिलाड़ी का चयन हुआ है। इससे पहले 27 से 30 सितम्बर 2025 तक रायपुर में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय स्क्वैश प्रतियोगिता में इस विद्यालय से सागर साहू अंडर -14 एवं जयप्रकाश साहू अंडर-19 में गोल्ड मेडल प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इनमें से जयप्रकाश साहू का चयन 69वीं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह खिलाड़ी इंदौर मध्यप्रदेश में 11 से 13 दिसंबर तक आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा। इनके चयन पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष त्रिभुवन सन्हरा, अशोक सिन्हा, सरपंच शिवरात्रि ध्रुव, प्राचार्य एलके उपाध्याय, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी गणेशप्रसाद साहू आदिने हर्ष व्यक्त किया है।

स्कूली छात्र-छात्राओं को दी गई उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी

# मानव अधिकार दिवस पर हुए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं प्लान आफ एक्शन के तहत विशेष दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर जिले के विभिन्न स्थानों पर विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो ने बताया कि मानव अधिकर दिवस 10 दिसंबर 2025 के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुंद के तत्वावधान में जिला मुख्यालय तथा तालुका स्थित न्यायालयों के न्यायाधीशों द्वारा विभिन्न स्कूलों, कालेजों में जागरूकता शिविरों अथवा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी परिपेक्ष्य में कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार सोनवानी द्वारा केंद्रीय विद्यालय महासमुंद पहुंचकर उपस्थित छात्र-छात्राओं को संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तापूर्वक जानकारी दी। कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार सोनवानी ने अपने उद्बोधन में बताया कि हर एक व्यक्ति के जन्मसिद्ध अधिकारों की अहमियत को उजागर करने के लिए, हर वर्ष 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है. मानवाधिकार सभी के लिए समानता, स्वतंत्रता और गरिमा सुनिश्चित करते हैं. संयुक्त राष्ट्र, इन अधिकारों की रक्षा और करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह मौलिक मानवाधिकारों और स्वतंत्रता (जीवन, स्वतंत्रता, समानता आदि) की रक्षा के लिए वैश्विक प्रतिबद्धता को दर्शाता है यही मानव अधिकार दिवस मनाए जाने के महत्व को प्रदर्शित करता है। इसके अलावा छात्राओं को मोटर व्हीकल एक्ट के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई साथ ही उपस्थित प्रशिशु सिविल न्यायाधीश प्रियदर्शन गोस्वामी और आदित्य जैन द्वारा कानून के अन्य विषयों पर जानकारी दी गई।

इसी प्रकार भलेसर रोड स्थित सूर्या नर्सिंग कॉलेज में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी द्वारा उपस्थित नर्सिंग कालेज के छात्र-छात्राओं को मानवाधिकार दिवस के अवसर पर महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित होने वाले अपराधों, साइबर अपराध, दहेज, बाल विवाह, माता पिता भरण-पोषण अधिनियम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों एवं प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली विधिक सेवाओं के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया।

इसके अलावा द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश आनंद बोरकर द्वारा पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल बरोंडाबाजार, न्यायिक मजिस्ट्र खुशबू जैन एवं गीतांजलि कश्यप द्वारा पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास मचेवा में, तालुका सरायपाली न्यायालय के प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश वंदना दीपक देवांगन द्वारा हाई स्कूल पैकिन, बसना न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजीत जांगड़े द्वारा हाई स्कूल भंवरपुर में शिविर आयोजित कर कानून के विभिन्न विषयों पर अधारित सरल कानूनी शिक्षा के माध्यम से शिविर आयोजित किया गया। इसके अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकार मित्रों द्वारा विभिन्न ग्रामों में बैनर पंपलेट के माध्यम से जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

# त्रिमूर्ति कॉलोनीवासियों ने किया नपाध्यक्ष निखिल का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



स्थानीय त्रिमूर्ति कॉलोनी में वार्डवासियों की बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू तथा वार्ड पार्षद धनेंद्र चंद्राकर शामिल हुए। बैठक में नागरिकों के साथ अध्यक्ष साहू ने वार्ड विकास तथा मूलभूत सुविधाओं को लेकर चर्चा की। साथ ही जनसमस्याओं को वार्डवासियों ने नपाध्यक्ष के समक्ष रखा। जिसके समाधान के लिए वार्डवासियों के सुझाव अनुसार सकारात्मक चर्चा कर आवश्यक पहल का आश्वासन अध्यक्ष ने दिया। बैठक के दौरान वार्डवासियों ने नपाध्यक्ष साहू व पार्षद धनेंद्र का श्रीफल एवं शॉल भेंटकर सम्मान किया। कॉलोनी वासियों के सम्मान व अपनापन से अभिभूत नपाध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए वार्ड वासियों के हर सुख दुख में साथ रहने की बात कही।

बैठक में प्रमुख रूप से प्रमोद तिवारी, संजय वासवानी, दीपक तिवारी, अशोक चंद्राकर, संजय भुवाल, अविनाश चंद्राकर, संजय गुप्ता, गोविंद दीवान, दाऊ लाल चंद्राकर, जब्बर चंद्राकर, विवेक दवे, शंकर पांडे, सरिता तिवारी, रश्मि चंद्राकर, रीता चंद्राकर, सविता चंद्राकर, अर्चना तिवारी, सोदु चंद्राकर, शशि चंद्राकर, मंजू अग्रवाल, दुर्गा भुवाल, कल्पा राजा, कीर्ति वासवानी, कल्पना शर्मा, मेनका चंद्राकर, रंजिता दुबे, गरिमा दीवान, इंद्राणी पांडे, कौशल्या चंद्राकर, लता चंद्राकर, नेहा चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

## सर्व रविदास समाज ने अनेक मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** छग सर्व रविदास समाज ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर महासमुंद को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें समाज के प्रदेश सहसचिव देवेंद्र कुमार टांडेकर ने कहा कि छग राज्य में संत रविदास के अनुयायी (मोधी, मेहर, अहिरवार, जाटव, कुरील, सूर्यवंशी, कनौटिया आदि) लाखों की संख्या (कुल जनसंख्या का 5-7 प्रतिशत) में निवास करते है। जिनका आय का मुख्य स्त्रोत परंपरागत सेवा व्यवसाय रहा है। स्वतंत्रता के बाद ही समान, आर्थिक, शैक्षणिक सामाजिक तथा राजनीतिक पिछड़ापन विद्यमान है। समाज राष्ट्रीय विकासधारा से कोसों दूर है। छग प्रदेश के आर्थिक पिछले समाज के हितैषी है। इस समाज को आर्थिक, शैक्षणिक, राजनीतिक क्षेत्र में सर्वांगीण विकास के लिए मांगों के त्वरित निराकरण की मांग की है।

# शहीद वीरनारायण सिंह को दी गई श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस के मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने अपने सहयोगी पार्षदों एवं आदिवासी समाज के लोगों के साथ मिलकर सोनाखान के सपूत की आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

10 दिसंबर को नगरपालिका कुरूद में सिरसा चौक में लगी छत्तीसगढ़ के प्रथम क्रांतिकारी शहीद वीर नारायण की प्रतिमा में नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके प्रति अपनी कृतज्ञता जाहिर की।

इस मौके पर पार्षद अर्जुन ध्रुव, मिथिलेश बैस, महेन्द्र गायकवाड़, राजकुमारी ध्रुव, कविता चन्द्राकर, रवि मानिकपुरी एवं सामाजिक पदाधिकारी मौजूद थे।

### एयर फोर्स में दीपक का चयन

**बगदेही(धमतरी)।** ग्राम सांकरा निवासी दीपक कुमार पिता धनेश कुमार साहू का अग्निवीर भारतीय वायु सेना (इंडियन एयरफोर्स) में चयन हुआ है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में दूसरा रैंक हासिल किया है। इस उपलब्धि पर अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।

धमतरी के लाखों उपभोक्ताओं को मिलेगा बड़ा फायदा

# मिलेगी राहत : जनवरी से 200 यूनिट तक आधा बिजली बिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



बिजली बिल हाफ योजना में लंबे इंतज़ार के बाद आखिरकार राहत की किरण दिखाई दी है। सरकार द्वारा नए नियम जारी करने के बाद अब दिसंबर 2025 की खपत का बिल जनवरी में जारी होगा, जिसमें 200 यूनिट तक आधा बिल देने का प्रावधान लागू हो जाएगा। इस फैसले से धमतरी व कुरूद संभाग के घरेलू उपभोक्ताओं को बड़ा आर्थिक सहारा मिलने की उम्मीद है।

विद्युत विभाग के अभियंता अनिल सोनी और सहायक अभियंता योगेश ताराम ने बताया कि अभी नवंबर माह की खपत पर 100 यूनिट तक ही रियायत दी जा रही है, इसलिए उपभोक्ताओं को दिसंबर में भी अधिक बिल चुकाना पड़ेगा। लेकिन नए निर्देश लागू होते ही जनवरी से 200 यूनिट तक आधा बिल देने का फायदा उपभोक्ताओं को मिलने लगेगा। अधिकारियों के अनुसार सीमा बढ़ने से अब हजारों परिवार दोबारा योजना के दायरे में आएंगे।

अगस्त 2025 में सरकार ने अचानक बिजली बिल हाफ योजना को 400 यूनिट से घटाकर 100 यूनिट कर दिया था, जिससे धमतरी जिले के 80 प्रतिशत से ज्यादा उपभोक्ता योजना से बाहर हो गए थे। लगातार विरोध और जनदबाव के बाद सरकार ने नियमों में संशोधन करते हुए इसे 200 यूनिट तक बढ़ाने पर सहमति दी है। विभाग का मानना है कि नए प्रावधान से मध्यम वर्ग और निम्न आय वर्ग के उपभोक्ताओं को वास्तविक राहत मिलेगी।

धमतरी और कुरूद संभाग में मिलाकर कुल 2 लाख 23 हजार घरेलू उपभोक्ता पंजीकृत हैं। इनमें से धमतरी क्षेत्र में 1.27 लाख और कुरूद में 96 हजार उपभोक्ता शामिल हैं। छह वर्षों में दोनों संभागों को मिलाकर बिजली बिल हाफ योजना के तहत लगभग 120 करोड़ रुपए की छूट दी जा चुकी है।

ईई अनिल सोनी ने स्पष्ट किया कि जनवरी से स्पॉट बिलिंग के दौरान 200 यूनिट तक की खपत पर उपभोक्ता को केवल 100 यूनिट का बिल देना होगा। हालांकि 201 यूनिट खपत होते ही पूरा बिल देना अनिवार्य होगा और हाफ का लाभ स्वतः समाप्त हो जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि वे बिजली उपयोग को नियंत्रित रखते हुए योजना का अधिकतम लाभ उठाएं।

# प्रशिक्षण पूर्ण कर अग्निवीर भूपेश के बेलसोंडा लौटने पर ऐतिहासिक स्वागत



**महासमुंद।** भारतीय सेना में अपना कठिन प्रशिक्षण और शपथ ग्रहण सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपरांत अग्निवीर भूपेश कनौजे के अपने गृह ग्राम आदर्श बेलसोंडा में प्रथम आगमन पर ऐतिहासिक और आत्मीय स्वागत हुआ। अग्निवीर भूपेश कनौजे के गांव की सीमा पर पहुंचते ही जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर की उपस्थिति में देशभक्ति के नारों से आकाश गूँज उठा, जिसने पूरे माहौल को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया।

स्वागत समारोह के दौरान ग्रामीणों ने पारंपरिक उत्साह का प्रदर्शन करते हुए ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा के साथ भूपेश को गांव में प्रवेश कराया। विद्यार्थियों के हाथों में तिरंगा झंडा था और उनकी ज़ुबां पर भारत माता की जय के नारे गूँज रहे थे। उपस्थित शिक्षकों ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि भूपेश की यह सफलता न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे आदर्श बेलसोंडा और उनके विद्यालय के लिए गौरव का विषय है। वे आने वाली पीढ़ी और छात्रों के लिए सच्चे प्रेरणास्त्रोत बन गए हैं। भूपेश ने बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और युवा पीढ़ी को राष्ट्र सेवा के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर पूरा गांव एक परिवार की तरह एकजुट नज़र आया।

### जम्मू-कश्मीर होगी अगली पोस्टिंग

विदित हो कि अग्निवीर भूपेश कन्नौजे प्रशिक्षण के बाद 20 दिन के अल्प अवकाश पर घर आए हैं। इस छुट्टी के उपरांत उनकी अगली पोस्टिंग देश की सेवा के लिए जम्मू-कश्मीर में होगी।

# वीरनारायण सिंह के शहादत दिवस पर धमतरी हुआ एकजुट

- विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक रंजना साहू और महापौर रामू रोहरा ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





जननायक और छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीर नारायण सिंह की पुण्यतिथि पर धमतरी श्रद्धा और संकल्प से सराबोर रहा। शहर के विभिन्न स्थानों पर आदिवासी ध्रुव गोंड समाज द्वारा शहादत दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर महान क्रांतिकारी को नमन किया।

शहीद वीरनारायण सामुदायिक भवन में आयोजित प्रमुख श्रद्धांजलि सभा में धमतरी विधायक ओंकार साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ की अस्मिता, न्याय और समानता की लड़ाई के प्रतीक हैं। उन्होंने जनता के अधिकारों के लिए अपने प्राणों का त्याग किया, उनका संघर्ष हर पीढ़ी को प्रेरित करता है। इसी दौरान विधायक ने कहा कि धमतरी शहर के एक प्रमुख चौक का नामकरण शहीद वीर नारायण सिंह चौक किया जाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके त्याग को याद रख सकें। इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए महापौर ने मंच से इसकी सहमति व्यक्त की। इसी क्रम में धमतरी बिलाईमाता मंदिर के समीप आयोजित माल्यार्पण कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, पूरे देश की प्रेरणा हैं। उन्होंने अंग्रेजी अत्याचार और अन्याय के खिलाफ गरीबों व आदिवासियों की लड़ाई लड़ी। युवाओं को उनके साहस और त्याग से सीख लेनी चाहिए। रंजना साहू ने आदिवासी समाज की संस्कृति, शिक्षा और आर्थिक उन्नति के लिए निरंतर सहयोग का आश्वासन भी दिया। उधर, शहीद वीर नारायण सिंह सामुदायिक भवन में आयोजित एक अन्य प्रमुख श्रद्धांजलि कार्यक्रम में महापौर रामू रोहरा सहित नगर निगम के पदाधिकारी और सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि शामिल हुए। महापौर ने कहा कि 1856 के भीषण अकाल में उन्होंने जनता को भूख से बचाने के लिए अंग्रेजों के जमा धान को गरीबों में बांटा और अंग्रेजी शासन की क्रूरता के आगे न झुकते हुए 1857 में अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय गौधाम समिति की हुई बैठक

# निराश्रित और घुमंतू पशुओं के संरक्षण के लिए बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय गौधाम समिति की बैठक हुई। बैठक में गौधाम योजना के बेहतर क्रियान्वयन, निराश्रित एवं घुमंतू पशुओं के संरक्षण और आधुनिक गौधामों की स्थापना पर चर्चा की गई।

बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत अरुण सार्वा ने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी गौधाम योजना के तहत अधिक से अधिक आवेदन तैयार किए जाएं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि घुमंतू व बेसहारा पशुओं को सुरक्षित आश्रय व संरक्षण मिले। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चयनित गौठानों के साथ-साथ सड़क दुर्घटना संभावित क्षेत्रों के ऐसे गौठानों का चयन किया जाए, जहां पर्याप्त भूमि, पेयजल, बिजली और हरे चारे की उपलब्धता हो। इससे किसी भी पशु को असुविधा न हो और उनके पुनर्वास की प्रक्रिया सुचारू रहे।

छग राज्य गौसेवा आयोग की जिला समिति के अध्यक्ष हेमराज सोनी ने योजना के मूल उद्देश्य बताए। उन्होंने कहा कि निराश्रित और घुमंतू पशुओं को आश्रय देना, गौ-उत्पादों के माध्यम से ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराना और समाज में गोसेवा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना योजना की प्राथमिकता है। पशुधन विभाग के अतिरिक्त उप संचालक डॉ. टीआर वर्मा ने नस्ल सुधार पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि ग्रामों के सांडों का बधियाकरण आवश्यक है, जिससे कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा मिलेगा। उन्नत नस्ल के हिमीकृत लिंग वर्गीकृत वीर्य के उपयोग से दुग्ध उत्पादन बढ़ने की संभावनाएं भी साझा कीं। डॉ. मरकाम ने बताया कि जिले में इच्छुक संस्थाओं से गौधाम संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रथम चरण में राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास के ग्रामों में गौधाम स्थापित किए जाएंगे। इन केंद्रों में निराश्रित, घुमंतू और जप्त पशुओं का वैज्ञानिक पद्धति से संरक्षण, चिकित्सा व पुनर्वास किया जाएगा। दुर्घटना में घायल व कमजोर पशुओं की देखरेख भी प्राथमिकता में होगी। पशु चिकित्सक सहायक शल्यज्ञ प्रमोद कुमार ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## वार्ड में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**महासमुंद।** मुख्यमंत्री स्लम सहायता योजना के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट सहायता से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शहर के वार्ड नं. 26 पंचशील नगर क्लबपारा के पार्षद पीयूष अमृत साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनेक वार्ड वासियों ने अपना इलाज निःशुल्क करवाया। इस मोबाइल यूनिट में विभिन्न प्रकार की जांच जैसी शुगर, बीपी, बुखार, ब्लड जांच आदि की जांच की गई। पार्षद साहू ने मोबाइल यूनिट में इलाज कर रहे डॉक्टर एवं उनके सहयोगियों को अपनी और वार्ड देवतुल्य जनता की तरफ से साधुवाद दिया और समस्त वार्डवासियों से अपील करते हुए कहा कि जब भी इस तरह के शिविर हमारे वार्ड में आयोजित हो, आप अपने नियमित स्वास्थ्य की जांच अवश्य कराएं। ताकि, किसी गंभीर बीमारी का पता और इलाज समय पर हो सके।

## गोकुलपुर अखाड़ा की निकिता खेलेंगी नेशनल

**धमतरी।** बीएसपी अखाड़ा सेक्टर- 3 भिलाई में छत्तीसगढ़ सीनियर बालक बालिका राज्यस्तरीय चयन कुश्ती प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में विभिन्न जिले के बालक-बालिका 80 खिलाड़ी भाग लिए। कुश्ती चयन विभिन्न श्रेणी फ्री स्टाइल ग्रीको रोमन और महिला फ्री स्टाइल के लिए विभिन्न वजन समूह में खिलाड़ियों का चयन किया गया। ये सभी खिलाड़ी अहमदाबाद गुजरात में 12 से 14 दिसंबर तक आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेंगे। राज्यस्तरीय स्पर्धा में जय बजरंग अखाड़ा गोकुलपुर धमतरी की बालिका खिलाड़ी निकिता सोनवानी ने 76 किलो ग्राम में गोल्ड मेडल प्राप्त किया और राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए स्थान बनाया। कोच नुमेश यादव के साथ 10 दिसंबर को अहमदाबाद के लिए प्रस्थान करेंगी। इस उपलब्धि पर जय बजरंग अखाड़ा गोकुलपुर वार्ड के उस्ताद भगवान सिंह यादव, राजकुमार, अंकालु, कृष्ण साहू , मेघराज यदु, रामकुमार साहू, तुलसी, हरीश, लोकेश नेताम, लल्ला यदु, वरिष्ठ खेल शिक्षक एआर थिटे, कोच विजय कुमार यादव ने हर्ष जताया है।

# शहीद वीर नारायण सिंह थे भारत मां के सच्चे सपूतः लोकेश्वरी नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस के अवसर पर आज बुधवार को तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में आदिवासी समाज द्वारा विशाल रैली निकाली गई यह रैली आदिवासी आश्रम से प्रारंभ होकर शिक्षक कालोनी, जनपद पंचायत, नेशनल हाईवे मार्ग होते हुए जिडार चौक में पहुची जंहा सैकड़ों आदिवासी समाज के लोगो ने विधि विधान के साथ आदिवासी संस्कृति अनुसार शहीद वीर नारायण सिंह की छायाचित्र की पुजा अर्चना कर उनके बताये रास्तों पर चलने का संकल्प लिया।

रैली मैनपुर नगर का भ्रमण करते हुए आश्रम मैदान पहुची जंहा एक सभा का आयोजन किया गया, सभा को संबोधित करते हुए जिला पंचायत गरियाबंद के सदस्य श्रीमती लोकेश्वरी नेताम ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह प्रदेश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे जिन्होने गरीबो की भलाई और देश की आजादी के लिए अपने प्राणो की आहुति दी थी, वीर नारायण सिंह द्वारा मातृभूमि के योगदान को याद करते हुए कहा कि स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर देने वाले आदिवासी जननायक वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत थे उन्होने सन 1856 के भीशण अकाल के दौरान गरीबो को भूख से बचाने के लिए अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ कठिन संघर्श किया मातृभूमि के प्रति समर्पण और उनका बलिदान हमेशा याद किया जायेगा।

**शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस पर मैनपुर में आदिवासियों ने निकाली विशाल रैली**



### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत सभापति श्रीमती लोकेश्वरी नेताम, आदिवासी नेताम महेन्द्र नेताम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुरव , पूर्व सरपंच नोकेलाल ध्रुरव, जनपद सदस्य जमुना बाई नेगी, सरपंच हनीता नायक, सुकराम नागेश, रंजीत ध्रुरव, केशव राम ध्रुरव, धनसिंह नेगी, किशोर बघेल, हुकुम वासनिक, प्रदीप ध्रुरव, पदम नेताम, कामकिशन नागेश, महेन्द्र फरस, सुखराम नागेश, कामेश्वरी नागेश, तन्नु नेताम सहित बडी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

वीर नारायण सिंह ने देश को किया गौरवान्वितः म नेताम

आदिवासी नेता महेन्द्र नेताम ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत को पुरा देश याद कर रहा है, उन्होने देश के आजादी के लिए जो किया है, वह हमेशा गौरिवन्त करता रहेगा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण धुरव, पूर्व सरपंच नोकेलाल धुरव, जनपद सदस्य प्रताप सिंह नेताम ने कहा कि आज आदिवासी समाज को संकल्प लेने की जरूरत है कि शहीद वीर नारायण सिंह के बताये रास्तों पर चलते हुए समाज और प्रदेश के विकास में अपना योगदान देना है उन्होने कहा कि आदिवासी समाज द्वारा आज जो कार्यक्रम का आयोजन किया गया है निश्चत रूप से यह अपने आप में एक मिसाल है।

## खबर संक्षेप

### बिरकोनी में प्रस्तावित महतारी सदन का भूमिपूजन आज

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में 11 दिसंबर को प्रस्तावित महतारी सदन का भूमिपूजन और विकास कार्यो के लोकार्पण कार्यक्रम होगा। मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा सुभाष चौक स्थित परिसर में महतारी सदन के भूमिपूजन करेंगे। विधायक निधि से वार्ड क्रमांक 18 में 5 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, वार्ड 19 में 5 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, वार्ड 20 में अनुसूचित जाति विकास प्रधिकरण निधि से 15 लाख लागत से सीसी रोड़ निर्माण, डीएमएफ मद से 20 लाख के लागत से कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में अहाता निर्माण का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच चंदन कुमार चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि जनपत अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान, भाजपा मंडल अध्यक्ष तेजन शर्मा, पंच हेमराज चंद्राकर होंगे।

### निधन

### संजय गुप्ता

**मैनपुर।** मैनपुर के वरिष्ठ नागरिक



पूर्व उपसरपंच संजय गुप्ता का बुधवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नगर व क्षेत्र के लोग शामिल हुए और अपनी विनम्र श्रध्दांजली अर्पित की। वो मैनपुर के पूर्व सरपंच स्वर्गीय खेदु प्रसाद गुप्ता के सुपुत्र थे।

### पेज 11 के शेष

### मनरेगा से ग्रामीणों ...

जाने से ग्रामीणो को मनरेगा के तहत रोजगार मिला। पानी की पर्याप्त मात्र मिलने से उनको खेती करने में अब कोई परेशानी नहीं होती है। खेतों में अब सिंचाई के पर्याप्त साधन होने फसल की पैदावार बढी। अब खरीफ और रबी दोनो फसलो का उत्पादन अपने खेतों में करती हैं।

**कार्य से लाभ :** पानी की पर्याप्त मात्र मिलने से उनको खेती करने में अब कोई परेशानी नहीं होती है। खेतों मे अब सिंचाई के पर्याप्त साधन होने फसल की पैदावार बढ़ी। मनरेगा योजना के माध्यम से ग्रामीण योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रें में लोगों को रोजगार मिलता है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होता । सार्वजनिक कुँवा निर्माण कार्य से किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होता है, जिससे उनकी फसलें अच्छी होती है। और आय में वृध्दि होती है। मनरेगा के तहत सार्वजनिक कुँवा निर्माण कार्य जैसे कार्यों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है।

### 13 लाख का ...

अविनाश कोसरिया,मधुसूदन सिन्हा,एहतेसाम अली,दिनेश मसकोले सहित एसीसीयू एवं अभनपुर थाना टीम के अधिकारियों-कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### सड़क हादसों को ...

दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और जनसहयोग से स्थिति में जल्द सुधार लाया जाएगा।

**ये रहे उपस्थित :** इस दौरान मुख्य रूप से युवा कांग्रेस नेता उमेश डोंगरे, ब्लॉक अध्यक्ष सतीश साहू, छायासंत बीसी, देवनारायण दुर्गा, देवराज मरकाम, पंकज बीसी, विश्वकांत सिंदूर, नेपाल सोनी, नासिर खान, जतिन निषाद, केशव बीसी, टिकेंद्र यादव, अंकित सोनी, मानसिंह बीसी, चितरंजन मांझी, चुम्मन पात्र, परमेश्वर पात्र, खीरेन सोरी, साजन भैया, गज्जू भैया, पालक भोले मांझी, प्रधान जी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मानवाधिकार, हमारी दैनिक आवश्यकताएं विषय पर पैरा लिगल वालंटियर्स और एनएसएस की विशेष पहल

# पैरा लिगल वालंटियर्स ने फणीकेश्वरनाथ कालेज में मनाया मानवधिकार दिवस

**फिंगेश्वर।** 10 दिसंबर को मानव अधिकार दिवस के अवसर पर मानवाधिकार, हमारी दैनिक आवश्यकताएं विषय पर पुलिस विभाग के पैरा लिगल वालंटियर्स थाना फिंगेश्वर, राजिम, पाण्डुका, छुरा व गोबरा नवापारा तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर छत्तीसगढ़ के सहयोग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ, फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर के बैनर तले विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

भारत सरकार, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएच आर सी) निर्देशानुसार एवं प्रभारी प्राचार्य सह कार्यक्रम अधिकारी डॉ.देवादास बंजारे के नेतृत्व में पैरा लिगल वालंटियर्स द्वारा छात्र–छात्राओं एवं स्वयंसेवकों को व्यक्तियों को मानव अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध होने का अवसर देने मानवाधिकार दिवस की शपथ दिलाई गई।

भारत के संविधान के प्रति सच्ची आस्था और निष्ठा रखने, मानव अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये अपने सभी कर्त्तव्यों का पालन करने, बिना किसी भेदभाव के सभी लोगों के मानव अधिकारों का सम्मान एवं समर्थन करने,चाहे उनकी जाति, नस्ल, लिंग, आयु, लैंगिक रुझान, योग्यता, राष्ट्रीयता या अन्य कोई भी पहचान हो तथा दूसरों के साथ सम्मान,आदर और करुणा का व्यवहार करने की प्रतिज्ञा ली गई। कार्यक्रम की अगली कड़ी में वालंटियर्स द्वारा मानव अधिकार से जुड़े तमाम टोल फ्री नंबरों का उपयोग करने एवं प्रसार करने छात्र छात्रओं को प्रेरित किया गया, जिससे समाज में आवश्यभावी बदलाव लाया जा सके।




### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पुलिस विभाग के पैरा लिगल वालंटियर्स कोमल निषाद (राजिम थाना) विक्रम सोनी (पाण्डुका थाना),टिकेश्वर निषाद (छुरा थाना),प्रेमलाल सिन्हा (गोबरा नवापारा) एवं कमलेश कश्यप (फिंगेश्वर) सहित पुरे महाविद्यालयीन स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित रहे। उक्त जानकारी दलनायिका विनिशा साहू एवं सोहद्रा सिन्हा ने दी है।

## मानवाधिकार दिवस पर दी बाल सुरक्षा की जानकारी

**अभनपुर।** पूर्व माध्यमिक शाला उल्बा में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर द्वारा एक विशेष जागरूकता अभियान संचालित किया गया। विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों और फैकल्टी सदस्यों ने विद्यालय पहुंचकर कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों को मानवाधिकारों एवं बाल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बाल शोषण जैसे संवेदनशील विषय से अवगत कराना तथा उन्हें इससे बचाव के उपाय बताना था। इस दौरान एक शिक्षाप्रद वीडियो भी प्रदर्शित किया गया, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों ने शोषण के संकेतों को पहचानने और आवश्यक सावधानियों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

आईटीएम यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित यह पहल बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। ग्राम पंचायत उल्बा के सरपंच नेहरू लाल साहू ने विश्वविद्यालय के इस सामाजिक पहल की



सराहना करते हुए टीम एवं संस्था प्रमुख का आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रमुख रूप से डॉ. जेलिस सुभान,राजीव पांडे,सृष्टि श्रीवास्तव,डॉ. शिवली,श्रीवास्तव,डॉ. दीपाश्री,केपी साहू,यादवराम साहू सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण, सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

मंडल कांग्रेस कमेटी छछानपैरी द्वारा सारखी, खिलोरा, टेकारी एवं सिवनी सहकारी समिति का निरीक्षण कर समितियों में धान खरीदी से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लेकर टोकन समस्या एवं लिमिट बढ़ाने सहित विभिन्न मांगो को लेकर सोसाइटियो मे ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन के माध्यम से मंडल पदाधिकारियो ने बताया कि किसानो को गिदावरी मे त्रुटि के कारण विक्रय मे असुविधा हो रही है वही ऑनलाईन टोकन मे आ रही समस्या को देखते हुये ऑफलाईन टोकन सिस्टम पूर्व के अनुसार व्यवस्था करना चाहिए साथ ही विगत वर्षो की तरह धान खरीदी की लिमिट मे बढ़ोत्तरी किया जाये ताकि किसान समय रहते अपना धान बेच सके। कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने धान खरीदी व्यवस्था को सुचारू बनाने एवं किसानों को राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन से शीघ्र आवश्यक कदम उठाने की मांग किया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत प्रतिनिधि लोकमणी क ोसले,अध्यक्ष सेवक राम पटेल,ब्रम्हानंद ठाकुर,लीलाधर तिवारी,हेमलाल धीवर,भारत पटेल,चुन्नु साहू,भग्गु साहू,गुलाल धृतलहरे,प्रमोद वर्मा,सुरेन्द्र धुरव,रामजी कुर्रे,भागीरथी गिलहरे, हेमलहरी, सतिश बैस,अरविंद दिवान,भागवत साहू,नोहर पाल,दिपक सिंग,हिरीवन पाल,हरक यादव,यशवंत पाल,गोपाल पाल,जितेन्द्र निर्मलकर, गोवर्धन निर्मलकर,महेश,प्रकाश,मनोज,कोमल,भूपेन्द्र तामेश्वर,हिरा साहू सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 79 केंद्रों में 1400 ने दी उल्लास साक्षरता परीक्षा



**अभनपुर।** राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ एवं कलेक्टर रायपुर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार विकासखंड अभनपुर में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा संपन्न हुई। लगभग 1400 शिक्षार्थियों ने 79 परीक्षा केंद्रों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा में कई प्रेरणादायक उदाहरण देखने को मिले जिसमे ग्राम सलौनी में सास-बहू, देवरानी-जेठानी, माँ-बेटी तथा सोनवानी परिवार की पाँच महिलाओं ने एक साथ परीक्षा दी,हसदा की 40 वर्षीय दिव्यांग महिला ट्रायसाइकल से परीक्षा केंद्र पहुँचकर शामिल हुई वही ग्राम पोंड के 75 वर्षीय कलीराम वर्मा, सलौनी के मार्कण्डे परिवार, तथा 70 वर्षीय लालाराम प्रजापति व उनकी पत्नी ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुबह 10 से शाम 5 बजे तक चले मूल्यांकन के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, डॉ. कामिनी बावनकर, डेकेश्वर वर्मा सहित विकासखंड स्तरीय अधिकारियों ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया। स्वयंसेवी शिक्षकों ने घर-घर जाकर पीला चावल, फूल और टीका लगाकर शिक्षार्थियों को परीक्षा के लिए आमंत्रित किया। कई स्थानों पर उल्लास रंगोली से स्वागत भी किया गया।

एफएलएनएटी की सफलता पर जिला स्तरीय अधिकारियों सहित नोडल अधिकारी हेमन्त कुमार साहू, सहायक नोडल दीपक ध्रुवंशी, संकुल समन्वयक, प्रधानपाठक, शिक्षक,बिहान एवं सक्रिय महिला समूहों के योगदान की सराहना की गई।

## औषधि खोज यात्रा में कलेक्टर ने किया पूरन लाल साहू को सम्मानित

**फिंगेश्वर।** प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्र एवं ग्राम खंमढोड़गी( कांकेर) के संयुक्त तत्वावधान में कुरूमार्री पहाड़दिवसीय 'औषधीय पौधों की खोज यात्र एवं संरक्षण–संवर्धन कार्यशाला' का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए विद्यार्थियों, शिक्षकों, वनस्पति विज्ञान विशेषज्ञों तथा स्थानीय वैधराजों ने पर्वतीय क्षेत्र में भ्रमण कर सैकड़ों औषधीय वनस्पतियों की पहचान की तथा इनके वैज्ञानिक संरक्षण, पारंपरिक उपयोग और औषधीय महत्व पर शोधपरक चर्चा की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर बस्तर कांकेर कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री अजय कुमार मंडावी (शिल्पकार), रायपुर आयुर्वेद विभाग से डॉ.पल्लवी क्षीरसागर, डॉ आशीष नायक धमतरी, डॉ अलका मरकाम एम.बी.बी.एस. कांकेर, सरपंच निशा दुग्गा, अनिता मंडावी ग्राम सभा अध्यक्ष, सोनेलाल जुर्री, प्यार सिंह मण्डावी भूतपूर्व सरपंच, एल. आर. सिन्हा जन विज्ञान केन्द्र कांकेर तथा प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्र से अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला शामिल रहे।

इस अवसर पर कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली के व्याख्याता पूरन लाल साहू को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर उनका सम्मान किया.तत्पश्चात प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा कि विज्ञान और प्रकृति एक–दूसरे के पूरक हैं।जब विद्यार्थी प्रकृति को पुस्तकों से बाहर निकलकर वास्तविक रूप में समझते हैं, तब सीखने की प्रक्रिया गहन और सार्थक बन जाती है।औषधीय पौधों की पहचान और पारंपरिक उपचार पद्धतियों से भविष्य की पीढ़ी प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनेगी.





उन्होंने आगे बताया कि मैंने बी.ए.एम.एस की पढ़ाई के दौरान औषधि पौधों, जंगलों में मिलने वाली प्राकृतिक औषधियों तथा आयुर्वेद के सिद्धांतों में विशेष रूचि रही है।यदि विद्यार्थी औषधीय पौधों को स्वयं जंगलों में पहचानेंगे तो आयुर्वेद, वनस्पति विज्ञान और पर्यावरण संरक्षण तीनों विषयों का समन्वय उन्हें जीवन पर्यंत सीख देगा।पद्मश्री अजय कुमार मंडावी ने अपने वक्तव्य में कहा कि वन एवं पर्वतीय क्षेत्र हमारी सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और आयुर्वेदिक विरासत के संवाहक हैं।

**ये रहे उपस्थितः** ट्रेकिंग यात्र टीम में बृजलाल मंडावी समाज सेवक, मनीष अहीर, लखन साहू, कुमार मण्डावी, समीक्षा गायकवाड़, पूरन लाल साहू, भारती तिवारी, भुनेश्वर मरकाम, हेमंत उइके, लीना ठाकुर, चंद्रिका सिंह, अर्चना शर्मा, साहू, स्वाति गंधर्व, संदीप सेन, राजेन्द्र ठाकुर, क्षमा उइके, बलदाऊ, राधिका साहू, संतोषी डड़सेना, चंद्रिका सिंह, हपका मुक्ता, ईश्वर दास गिलहरे, प्रमोद, प्रदीप कुमार मंडावी, राजकुमार, ग्रामवासी उपस्थित थे.वहीं इस पूरे आयोजन में कुरूमार्री पहाड़ एवं आसपास के वन क्षेत्र की जैव–विविधता, औषधीय ज्ञान और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन–जागरूकता को एक नई दिशा देने वाला साबित हुआ।

### स्थानीय ज्ञान और आधुनिक शोध एक साथ हो तभी प्रभावी

विशिष्ट अतिथि डॉ. पल्लवी क्षीरसागर ने कहा कि औषधीय पौधों का अध्ययन तभी प्रभावी होता है, जब स्थानीय जनजातीय ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक शोध एक साथ जुड़े हों। गिलोय, शतावर, बनतुलसी, दशमूल, अमलतास, नागफनी जैसे पौधे न केवल रोगों के उपचार में उपयोगी हैं, बल्कि हमारी जैविक विरासत के महत्वपूर्ण स्तंभ भी हैं। समापन सत्र में कलेक्टर द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विज्ञान संचारकों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत कलेक्टर, विशिष्ट अतिथियों एवं विज्ञान संचारकों ने खमढोडगी जलाशय परियोजना में बैम्बू राफ्टिंग जैसी साहसिक गतिविधियों का अनुभव लिया. जिससे टीमवर्क, पर्यावरणीय समझ और अन्वेषण क्षमता का विकास हुआ।कार्यक्रम स्थल पर कुमार मंडावी ने विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, स्थानीय पारंपरिक औषधीय जड़ी–बूटी स्टॉल तथा "जंगल और जनजातीय चिकित्सा पद्धति" पर आधारित इंटरएक्टिव डिस्प्ले लगाए गए जिनकी अतिथियों ने खूब सराहना की।




## आईटीएस कॉलेज में मानव अधिकार विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**गरियाबंद।** आईटीएस कॉलेज के नर्सिंग विभाग मे मानव अधिकार विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है इस कार्यक्रम मे नर्सिंग एवं फार्मेसी के छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय यशवंत वासनीकर जी, अपर सत्र न्यायाधीश एवं फास्ट ट्रैक विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो), गरियाबंद रहे, जिन्होंने मानवाधिकार संरक्षण और लैंगिक अपराधों की रोकथाम पर मार्गदर्शन दिया।

विशिष्ट अतिथि बी.आर. साहू, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, और कु. सीमा कंवर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, ने मानवाधिकारों की संवैधानिक व्यवस्था तथा न्यायालयिक प्रक्रियाओं पर जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में निर्देशक बी.पी. वर्मा (डायरेक्टर) नर्सिंग प्राचार्या सुश्री कांति ध्रुव, फार्मेसी प्राचार्य श्री राहुल राठौर, तथा सभी एचओडीएस और स्टाफ की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।कार्यक्रम का सुचारू संचालन सुश्री क्षमा साहू ने किया। यह कार्यक्रम छात्रों में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और न्यायिक प्रणाली को समझने की दिशा में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ। समापन पर अतिथियों का सम्मान डिपार्टमेंट द्वारा किया गया।

**घुनघुट्टी नाले पर पुल का ढलाई कार्य पूरा, लेकिन सड़क निर्माण लंबित**

## जरगांव पुल तैयार पर एप्रोच रोड नहीं बनने से लोगों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ग्राम जरगांव में घुनघुट्टी नाले पर विगत वर्षों से पुल का निर्माण कार्य चल रहा है जो काफी समय से लंबित है, पुल पर ढलाई का कार्य हो गया है किंतु आजू-बाजू रोड नहीं बनाया गया है साथ ही नाले पर अभी पानी चल रहा है उसमें भी एप्रोच रोड नहीं बनाया गया है इसमें छोटी गाड़ियां सहित पढ़ने वाले बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, इसी मार्ग से होकर प्रसिद्ध पर्यटक स्थल जतमई जाने के लिए मुख्य मार्ग से जुड़ता है। जिसे यह मार्ग नहीं होने पर उन्हें अतिरिक्त रूप से 15 से 20 किलोमीटर चलना पड़ता है।

- छोटी गाड़ियां, स्कूटी और ई-रिक्शा फंस रहे, पर्यटक स्थल तक पहुंचने में बढ़ रही दूरी



एप्रोच रोड नहीं बनने से विशेष का स्कूटी ,बैटरी गाड़ी, ई रिक्शा, छोटी कार सहित अन्य गाड़िया लगातार फस रही है साथ-साथ पानी होने की वजह से धान की गाड़ी भी फस रही है जिससे लोग काफी परेशान है इस संबंध में के लोगों ने बताया कि पुल भी अपने नियत तिथि से कई महीने विलंब से बन रहा है उसके बावजूद भी ठेकेदार निर्माण को लेकर गंभीर नहीं है साथ ही साथ विभाग भी इस मामले को लेकर गंभीर नहीं है पूरे बरसात पर लोगों ने परेशानी का सामना किया है अब बरसात खत्म होने के बाद भी उन्हें एक रोड नहीं होने के बाद समस्या का सामना करना पड़ा है अगर ठेकेदार समय पर कार्य पूर्ण करता तो निश्चित रूप से यह लोगों के लिए एक राहत भरी खबर होती, क्षेत्र के युवा नेता अजय दीक्षित में कहा इस संबंध में लगातार अधिकारियों से चर्चा की गई है किंतु अधिकारी द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया गया है और शीघ्र करने की बात कही है किंतु वर्तमान में रोड की आवश्यकता है उन्होंने शासन से मांग की है कि पुल निर्माण के साथ-साथ रोड का निर्माण भी शीघ्र किया जाए।

**खबर संक्षेप**

### अमलीडीह में पत्नी के साथ मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम अमलीडीह में महिला, उसकी बहन और पिता से मारपीट के मामले में पिथौरा थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस को सविता प्रभाकर ने बताया कि वह छतवन थाना राजादेवरी जिला बलौदाबाजार की रहने वाली है। वर्तमान में अपने मायके ग्राम अमलीडीह में विगत 05 वर्ष से अपने पति के साथ रहती हूं। 9 दिसंबर की शाम 7 बजे वह घर में खाना बना रही थी। उसी समय उसका पति उपेंद्र प्रभाकर आया, जिसे उसने सब्जी लाने के लिए कहा। तब उसके पति ने उसके मोबाइल को ले लिया और गाली गलौज कर मारपीट करते हुए मुंह में कपड़ा डाल रहा था, इसी बीच प्रार्थिया की बहन रूखमणी कुर्रे बीच बचाव करने आयी। जिसके साथ भी गाली गलौज कर धक्का मुक्की किया तथा इसी दौरान उसके पिता परमेश्वर कुर्रे बीच बचाव करने आये तो उनके साथ भी हाथापाई किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### सरपंच के साथ दो लोगों ने की मारपीट, जुर्म दर्ज



**महासमुंद**। ग्राम पझरपाली के सरपंच के साथ दो लोगों द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में बसना थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

पुलिस को प्रार्थी हरिशंकर नेटी निवासी पझरपाली ने बताया कि वह वर्तमान में सरपंच के पद पर है। 6 दिसंबर को वह अपने मोटर सायकल से काम से सरायपाली गया था। जब वह वापस अपने गांव आ रहा था, इसी दौरान शाम करीबन 7 बजे ग्राम तोषगांव के नीलगिरी प्लांट के पास पीछे से एक मोटर सायकल में दो व्यक्ति सवार होकर आये और मुझे पीछे से पीठ में डंडा से मारा, जिस पर वह तेजी से मोटर सायकल चलाते हुये सेतु बांध पठार के पास पहुंचा तो वे लोग पीछे आकर रोकने का प्रयास करने और पीछे से डंडा फेंककर मारा। उसके बाद ग्राम पझरपाली के बैरियर में कोटवार रेशम लाल नंद, गिरधारी ओगरे, हरिलाल नेटी, दिवाकर नेताम वहां मिले, जिन्हें घटना के बारे में व उक्त लोगों के हुलिया के बारे में बताया। तब उसी समय मोटर सायकल में सवार दोनों व्यक्ति वहां आ रहे थे, जो गांव के लोगों देखकर कुछ दूरी पर मोटर सायकल को छोड़कर भाग गये। जब मोटर सायकल व दोनों व्यक्तियों के बारे में पता किया तो मोटर सायकल हीरो स्प्लेंडरर क्र सीजी 06 जीबी 7923 ग्राम जटाकन्हार के सुकलाल नंद का था। जिसे उसके बेटे फगु नंद व गांव का केशव नंद के द्वारा ले जाना बताया गया। मामले में दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## विधायक रोहित साहू की पहल पर राजिम रेस्ट हाउस में हुई सर्वदलीय विशेष बैठक

# जीवनदायिनी महानदी की होगी सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम






राजिम में महानदी की सफाई को लेकर विधायक रोहित साहू द्वारा आयोजित सर्वदलीय बैठक में बुधवार को राजिम रेस्ट हाऊस में राजिम एवं नवापारा तथा जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायतो के स्थानीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में पहुंचे। इस दौरान रेस्ट हाऊस परिसर में लगाया गया पंडाल खचाखच भरा हुआ था। बैठक को लेकर उपस्थित लोगो में उत्सुकता साफ झलक रहा था। विधायक श्री साहू ने कहा कि महानदी के हालात को देखते हुए हमने काफी पीड़ा महसूस किया सो इसकी सफाई के लिए आप सभी को आमंत्रित कर आपके राय जानने के लिए यह बैठक आयोजित किया गया है।

- सभी लोगो ने कहा कि यह एक बहुत ही अच्छी पहल

विधायक श्री साहू ने कहा कि नदी की सफाई में आप सभी का सहयोग और सहमति जरूरी है। हमारा पवित्र उद्देश्य सफाई करना है। कहा कि आप सभी की उपस्थिति में सफाई के शुभारंभ अवसर पर गंगा मैया की पूजा अर्चना करेंगे। हर काम पारदर्शिता के साथ जनहित और राष्ट्रहित में करेंगे। कोई इनलिगल काम नही होगा। विधायक श्री साहू ने कहा कि राजिम और नवापारा के दोनो नगर पालिका तथा जनपद पंचायत फिंगेश्वर, अभनपुर और मगरलोड के माध्यम से नदी में सफाई का काम बहुत जल्द शुरू कराएंगे। इसके लिए एक समिति भीं गे और वृहत रूप में सफाई अभियान को अंजाम दिया जाएगा। नदी में पड़े गाद, मलमा और कचरे को बाहर निकाला जाएगा। हम चाहते है कि महानदी का स्वरूप पहले जैसा हो। नदी में निर्मल धारा का प्रवाह निरंतर चले। बैठक के दौरान विधायक श्री साहू ने बताया कि यहां बैराज निर्माण भी किया जाएगा। इसका लाभ पूरे क्षेत्रवासियो को मिलेगा। खास बात यह है कि बैठक के दौरान सभी दलो के तथा सभी जाति, धर्म के लोग यहां मौजूद थे। विधायक रोहित साहू के इस पहल का सभी ने न केवल प्रशंसा किया बल्कि अभिनंदन भी किया।

### हम सारे लोग हाथ बटाएंगे और अभियान को सफल बनाएंगे: इंद्रकुमार साहू

बैठक में मौजूद अभनपुर क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि राजिम विधायक रोहित साहू ने महानदी की सफाई अभियान के लिए जो पहल किया है वास्तव में हम सबके लिए अच्छी बात है। इस सफाई अभियान में हम सारे लोग हाथ बटाएंगे और सफल बनाएंगे। पूर्व सांसद व राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि नदियाँ हमारी विरासत हैं। यदि आज हम इनकी सुरक्षा नहीं करेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ जल उपलब्ध नहीं होगा। गाद 5-6 फीट जमा हुआ है इसे निकालना है इसके लिए एनजीटी के परमिशन की जरूरत नही है। पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि सफाई अभियान से गंदगी दूर होगी और महानदी फिर से अपनी पवित्रता और सुंदरता को प्राप्त कर सकेगा। सफाई अभियान में सभी की भागीदारी हो यह संकल्प लें। बैठक में मौजूद नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष महेश यादव, नवापारा नगर पालिका के उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष द्वय विजय गोयल, धनराज मध्यानी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, कांग्रेस नेता विकास तिवारी, डॉ रामकुमार साहू, जनपद के पूर्व अध्यक्ष द्वय पुष्पा-जगन्नाथ साहू, राघोबा महाड़िक, विधायक प्रतिनिधि संजय साहू, पार्षद नरोत्तम जुगु ठाकुर, अशोक मिश्रा, ब्रम्हदत्त शर्मा, योगेंद्र ठाकुर, पार्षद तुषार कदम, दयालु गाड़ा, तुकाराम कंसारी, नागेंद्र निषाद, दिनेश सांखला, सोमनाथ पटेल, इंद्रजीत महाड़िक ने बात रखी।



### ये रहे मौजूद

बैठक के दौरान राजिम एसडीएम विशाल महाराणा, तहसीलदार मयंक अग्रवाल, सिंचाई विभाग के कार्यपालन अभियंता एस के बर्मन, सहित भाजपा गरियाबंद जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, भाजपा नेता राजू साहू, श्री राजीव लोचन मंदिर के सर्वराकार चंद्रभान सिंह ठाकुर, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू, राजिम नगर पंचायत के उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, पार्षद टंकु सोनकर, पार्षद आकाश राजपूत, नवापारा नगर पालिका के पूर्व सभापति प्रसन्न शर्मा, कैलाश शुक्ला, राजिम ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, प्रदेश साहू संघ के वरिष्ठ नेता भुनेश्वर साहू, नवापारा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, परदेशी राम साहू, भाजपा नेता मुकुंद मेश्राम, राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, देवकी साहू, खुशी साहू, संजीव साहू, देवराज सांखला, किशोर साहू, देवा साहू, चौबेबांधा के सरपंच दुलीचंद आंडे, टुमेश साहू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की भव्य शुरुआत, हजारों श्रद्धालुओं की रही उपस्थिति



**रसेला**। शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में चार दिवसीय 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन ग्राम रसेला में 9 दिसंबर को भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया। कलशयात्रा में गाजे बाजे के साथ महिलाएं और युवतियां पीले वस्त्र धारण कर सिर में कलश लेकर मंगल गीत गाते हुए शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में महिला और पुरुष शामिल हुए। आयोजन के दूसरे दिन मंगलवार को यज्ञ स्थल में सुबह 9 बजे आयोजित 24 कुण्डीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ वैदिक अनुष्ठानों की पवित्र छटा पूरे गांव में दिखाई दी। सुबह से ही यज्ञ परिसर वैदिक मंत्रोच्चारण से गूंज उठा।

- गाजे-बाजे और कलश यात्रा ने पूरे गांव को आध्यात्मिक रंग में रंगा

हरिद्वार से पधारे ऋषि पुत्र आचार्य प्रमोद बार्चे द्वारा देवपुजन के क्रम में विभिन्न देवी देवताओं का आवाहन किया गया, जिसमें वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता रहा। यज्ञ स्थल से लेकर आसपास के क्षेत्रों तक पीला वस्त्रधारी महिला पुरुषों की उपस्थिति ने पूरे गांव को भत्ति एवं आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। पहले दिन आयोजित हवन यज्ञ में लगभग 500 लोगों ने सपरिवार भाग लेकर सामूहिक रूप से आहूति अर्पित की। एक साथ सैकड़ों लोगों द्वारा किए गए वैदिक उच्चारण और हवन से संपूर्ण रसेला में दिव्यता का अद्भुत अनुभव महसूस किया गया। हवन के धुंए और सुगंध ने वातावरण को पवित्रता और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया।

### यज्ञाचार्य ने बताए यज्ञ के महत्व

यज्ञाचार्य प्रमोद बार्चे ने यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ सनातन संस्कृति का मूल मंत्र है और सदियों से ऋषि परंपरा यज्ञीय रही है। उन्होंने बच्चों को संस्कारों बनाने के लिए बचपन से ही उन्हें यज्ञ एवं संस्कारों से जोड़ने की आवश्यकता बताई। उन्होंने आगे कहा कि यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि मानसिक, आध्यात्मिक और सामाजिक शुद्धि का माध्यम भी है। शांतिकुंज हरिद्वार से आई है, जिसमें जयसिग राजपूत, रिखम कुमार, श्यामलाल करोर्म शामिल हैं। कल यानी आज गुरूवार को तीसरे दिन मुंडन, पुंसवन, नामकरण, अन्नप्राशन और यज्ञोपवीत जैसे विभिन्न संस्कार कराएं जाएंगे।




### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जिला संगठन प्रमुख रोमन चन्द्राकार, ठाकुर राम यादव, जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, सरपंच रुपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, डी आर यादव,बिग्रेद्र ठाकुर, भावसिह मरकाम, देवलाल बारिक, वेदव्यास निषाद, जगत राम यादव, नंदकिशोर यादव, धनीराम यादव, ओमप्रकाश यादव, भूषण साहू, चन्द्रकला यादव, अन्नपूर्णा यादव, श्यामा ठाकुर, लक्ष्मी यादव, दुलम यादव सहित गायत्री परिवार के सभी परिजनगण सहित समस्त ग्राम उपस्थित थे।



### यूपीएससी में अंकित का चयन, घर पहुंचकर विधायकों ने किया सम्मान

**राजिम**। यूपीएससी में चयनित राजिम के अंकित थवानी को बधाई देने राजिम विधायक रोहित साहू और अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू उनके निवास पहुंचे। बुके भेंट कर शुभकामना दी। मालूम हो कि अंकित थवानी का 273 रैंक है।

इन दिनों वे मसूरी में कामन ट्रेनिंग करने के बाद अपने गृहनगर राजिम लौटे है। उन्हें बधाई देने वालो में नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सोनी, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा,मुकुंद मेश्राम, किशोर साहू, सनत चौधरी, जितेंद्र सोनकर,श्यामकिशोर शर्मा, लखन लाल सिन्हा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल थे। मालूम हो कि अंकित थवानी, क्वालिटी कंट्रोल के सेवानिवृत्त एसडीओ मुरली मनोहर थवानी व पूर्व पार्षद कमला थवानी के बेटे है।

## छुरा में भव्य सतनाम शोभायात्रा और मंगल भवन का लोकार्पण आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

गुरुज्ञान प्रकाश वर्ष के पावन अवसर पर नगर में सतनामी समाज तहसील परिक्षेत्र छुरा द्वारा आयोजित सतनाम शोभायात्रा एवं नवनिर्मित अम्बेडकर सतनाम मंगल भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में दयालदास बघेल केबिनेट मंत्री खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण छत्तीसगढ़ शासन शामिल होंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे रोहित साहू विधायक राजिम विधानसभा क्षेत्र विशेष अतिथि के रूप में मंचासीन होंगे।

- सतनामी समाज के आयोजन में प्रदेश के मंत्री सहित जनप्रतिनिधियों का होगा विशेष आगमन

लुकेश्वरी थानसिग निषाद अध्यक्ष नगर पंचायत छुरा गुरु आसमदास जी तेलासीपुरी धाम सनम जांगड़े प्रदेश अध्यक्ष अनु जाति मोर्चा छग चंदूलाल साहू अध्यक्ष छग राज्य भंडार गृह निगम देवसिंग रात्रे प्रदेश प्रतिनिधि लघुवनोपज छग शासन अनिल चंद्राकर जिलाध्यक्ष भाजपा गरियाबंद खोमन चंद्राकर मंडल अध्यक्ष छुरा समीम खान उपाध्यक्ष नगर पंचायत सभापतिगण रजनी लहरे, भोलेशंकर जायसवाल गरिमा ध्रुव बलराज पटेल चित्ररेखा ध्रुव पार्षदगण पंचराम टंडन सांतनु देवांगन हरीश यादव देवसिंग नेताम सलीम मेमन रामजी दीवान संगीता दीक्षित दीप्ति यादव यामिन खान विशिष्ट अतिथि के रुप में नंदिनी कोमल ढीढी सभापति जिला पंचायत शिवांगी चतुर्वेदी सभापति जिला पंचायत लेखराज ध्रुवा सभापति जिला पंचायत मीरा ठाकुर जनपद अध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी जनपद उपाध्यक्ष हेमंत सांग जिलाध्यक्ष सतनामी समाज यशपेन्द्र शाह राजमहल छुरा रिंकू सचदेव पूर्व उपाध्यक्ष नगर पंचायत सुजल कोठारी भाजपा युवानेता तुलेश्वर धृतलहरे अध्यक्ष सतनामी समाज राजिम परिक्षेत्र सुघ्घरमल आड़े सचिव सतनामी समाज परिक्षेत्र राजिम मंचासीन होंगे। प्रतिवर्ष छुरा तहसील परिक्षेत्र सतनामी समाज द्वारा भव्य रुप में संत शिरोमणि परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर्व मनाया जाता है एवं शोभायात्रा पूरे नगर में पंथी नृत्य के साथ नगर भ्रमण करते है आस पास के सभी सतनामी समाज परिवार शामिल होते हैं आयोजन को सफल बनाने के लिए समारु कोसले अध्यक्ष राजकुमार लहरे सचिव,लक्ष्मण टंडन संरक्षक दीनदयाल टंडन कोषाध्यक्ष प्रवक्ता महामंत्री डाहरु कोसले के साथ समस्त पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्य लगे हुए है।

## गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन उमड़ा आस्था का सैलाब, विधायक जनक ध्रुव हुए शामिल

**पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना, ग्रामीणों में दिखा उत्साह**

**रसेला**। ग्राम रसेला में जारी चार दिवसीय 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन धार्मिक उत्साह और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। बुधवार को कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक जनक ध्रुव विशेष रूप से शामिल हुए, जहां उन्होंने यज्ञ मंडप में विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। यज्ञ परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विधायक ध्रुव ने कहा कि गायत्री महायज्ञ जैसे आध्यात्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक विचारों, नैतिक मूल्यों और सामूहिक एकता को मजबूत करते हैं।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल में धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों के प्रति बढ़ती रुचि समाज में जागरूकता और आध्यात्मिकता के प्रति लगाव को दर्शाती है। कार्यक्रम के दौरान विधायक जनक ध्रुव ने आयोजन समिति द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और महायज्ञ के सफल संचालन के लिए सभी कार्यकर्ताओं एवं गायत्री परिवार को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आयोजन के प्रति सहयोग के रूप में 11 हजार रुपये की राशि भेंट की, साथ ही रसेला में गायत्री परिवार के निर्माण कार्य हेतु 5 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। उनकी इस घोषणा से उपस्थित ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में हर्ष का माहौल दिखाई दिया। महायज्ञ स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही।



### आध्यात्मिक और पावन बना माहौल

यज्ञ, प्रवचन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और सामूहिक भजन-कीर्तन जैसे विविध कार्यक्रमों के बीच वातावरण पूरी तरह रहा। आयोजन समिति ने बताया कि यह चार दिवसीय कार्यक्रम 12 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें आसपास के कई ग्रामों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिल रही है। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं बड़ी संख्या में महिलाएं और युवा उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने विधायक जनक ध्रुव के आगमन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## विद्यार्थियों में संवैधानिक मूल्यों और राष्ट्रप्रेम जागृत करने पर रहा फोकस

# एकलव्य विद्यालय में मना शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी, जननायक शहीद वीर नारायण सिंह का स्मृति दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों की भावना को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने वीर नारायण सिंह जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। पूरा विद्यालय परिसर राष्ट्रप्रेम और प्रेरणा से ओत-प्रोत दिखाई दिया। मंच संचालन शिक्षक आशुतोष त्रिपाठी द्वारा किया गया। उन्होंने वीर नारायण सिंह के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने अंग्रेजी शासन द्वारा किसानों और आम जनता पर किए जा रहे अन्याय के विरुद्ध साहसपूर्वक संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि वीर नारायण सिंह का जीवन हमें सत्य और न्याय के लिए निर्भीक होकर खड़े होने की प्रेरणा देता है। इसके पश्चात सुश्री चंद्रलेखा ने प्रेरणादायी वक्तव्य प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि वीर नारायण सिंह केवल स्वतंत्रता सेनानी नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की जनता के सच्चे संरक्षक और जननायक थे। उनके त्याग और संघर्ष आज भी समाज को दिशा प्रदान करते हैं। विद्यालय की वाइस कैप्टन एवं कक्षा 12वीं की छात्रा अमीषा ने अपने प्रभावशाली भाषण में वीर नारायण सिंह के जन्म, नेतृत्व क्षमता, किसानों के हित में किए गए संघर्ष तथा अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध उनके विद्रोह का सारगर्भित विवरण प्रस्तुत किया।

- प्राचार्य से लेकर छात्र-छात्राओं तक सभी ने दी प्रेरक प्रस्तुतियां



**राष्ट्रगान के साथ हुआ समापन** : कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसने सभी उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया। आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में कार्यक्रम व्यवस्थापक शैलेश कुमार सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाई।

### भारत के संवैधानिक मूल्यों पर डाला प्रकाश

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने विद्यार्थियों से संवादात्मक शैली में भारत के संवैधानिक मूल्यों—न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वीर नारायण सिंह जी ने संविधान के निर्माण से बहुत पहले अपने कर्मों द्वारा इन्हीं मूल्यों को जिया। उन्होंने कहा कि किसानों का अनाज जबरन जब्त किए जाने के विरुद्ध उनका संघर्ष सामाजिक और आर्थिक न्याय का जीवंत उदाहरण है। डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि यदि हमें वास्तव में वीर नारायण सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित करनी है, तो उनके साहस, सत्यनिष्ठा, समानता और समाजसेवा के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना होगा। अच्छे छात्र बनना ही नहीं, बल्कि जिम्मेदार और संवैधानिक नागरिक बनना हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

